दिन—शुक्रवार दिनांक— 24 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः— 05 मिनट

---

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में आज एनडीए और महागठबंधन के स्टार प्रचारक कई सभाओं को संबोधित कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समस्तीपुर में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विधानसभा चुनाव के लिए आज से चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत की। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज दावा किया कि एनडीए के नेतृत्व में ही बिहार विकसित राज्य बन सकता है। समस्तीपुर जिले के दूधपूरा मैदान में एक जनसभा को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने सुशासन को समृद्धि में बदलने का काम किया है। उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि दोनों दलों के नेता हजारों करोड़ के भ्रष्टाचार के मामलों में जमानत पर चल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि एनडीए सरकार सुशासन को समृद्धि में बदलने में विश्वास रखती है। इसलिए बिहार के लोग विधानसभा चुनाव में इस बार भी जंगल राज वालों को दूर ही रखेंगे। उन्होंने ने कहा कि लोगों को एनडीए पर भरोसा है इसलिए जनता बार बार एनडीए को समर्थन देती है। इससे पहले प्रधानमंत्री ने समस्तीपुर के करपुरीग्राम पहुंचने पर भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोग जननायक कर्पूरी ठाकुर की उपाधि चोरी करने का प्रयास कर रहे हैं। जनसभा को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, चिराग पासवान और नित्यानंद राय ने भी संबोधित किया। वहीं, भाजपा के स्टार प्रचारक और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज सिवान और बक्सर जिले में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी गोपालगंज में एनडीए के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। इधर, महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी प्रसाद यादव ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि वह बिहार में अपराध मुक्त और भ्रष्टाचार मुक्त सरकार देंगे। श्री यादव ने कहा कि वे मुख्यमंत्री बनते हैं तो बिहार के सभी लोगों का प्रतिनिधित्व करेंगे। तेजस्वी यादव ने कहा कि वह झूठ—मुठ की बात नहीं पक्की बात पर विश्वास करते हैं। उन्होंने कहा कि संविदा कर्मियों को स्थाई नौकरी दी जाएगी और राज्य की बेरोजगारी की समस्या दूर करने के लिए कदम उठाए जाएंगे।

————————————————————

विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के लिए बीस जिलों के एक सौ बाईस निर्वाचन क्षेत्रों में एक हजार तीन सौ दो उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। कल नाम वापसी के अंतिम दिन सत्तर अभ्यर्थियों ने अपने पर्चे वापस लिये। निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सबसे अधिक बाईस उम्मीदवार रोहतास जिले के सासाराम विधानसभा क्षेत्र से अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। वहीं, सबसे कम पांच उम्मीदवार चनपटिया, रक्सौल, सुगौली और त्रिवेणीगंज विधानसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में हैं। कल जिन उम्मीदवारों ने नामांकन वापस लिया उनमें वारिसलीगंज और प्राणपुर से कांग्रेस उम्मीदवार और बाबूबरही से वीआईपी उम्मीदवार प्रमुख हैं। दूसरे चरण के तहत कुल एक हजार सात सौ इकसठ प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किये थे। उनमें से तीन सौ नवासी प्रत्याशियों के पर्चे रद्द कर दिये गये थे। इस चरण के तहत ग्यारह नवम्बर को मतदान होना है।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि रोजगार मेले युवाओं के सपनों को पूरा करने का माध्यम बन चुके हैं। श्री मोदी ने आज नई दिल्ली में आयोजित सत्रहवां राष्ट्रीय रोजगार मेला के दौरान वीडियो संदेश में यह बात कही। उन्होंने विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त युवाओं को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इक्यावन हज़ार से ज़्यादा नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे।

———————————————————

लोक आस्था का महापर्व छठ कल नहाय–खाय के अनुष्ठान के साथ शुरू होगा। हमारे संवाददाताओं ने बताया कि छठ महापर्व की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इधर, डाक विभाग ने छठ व्रतियों के लिए माई स्टाम्प जारी किया है। इस पहल के तहत छठ व्रती अपनी तस्वीर के साथ स्टाम्प बनवा सकते हैं।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। अब आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।